हरिभूमि
# महेन्द्रगढ़-नारनौल भूमि
रोहतक, सोमवार, 30 मार्च 2026



10 सीआईए रोड अंडरपास बना 'खतरे का रास्ता',...



12 तेल मीलों पर डीएमईओ की सख्ती छापेमारी से उजागर...




## खबर संक्षेप

### विकास एवं निगरानी समिति की बैठक तीन को



**महेंद्रगढ़।** सांसद धर्मबीर सिंह तीन अप्रैल को जिला पंचायत भवन नारनौल में जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक लेंगे। इस बारे में अधिक जानकारी देते हुए समिति के सदस्य संदीप मालड़ा ने बताया कि तीन अप्रैल को दोपहर 12 बजे जिला विकास एवं निगरानी समिति की बैठक होगी। इस बैठक में जिले के सभी अधिकारी प्रोटोकॉल के अनुरूप उपस्थित रहेंगे। बैठक में सांसद धर्मबीर केंद्र सरकार की विभिन्न जन कल्याणकारी योजनाओं एवं नीतियों के क्रियान्वयन पर अपडेट लेंगे तथा उनके और बेहतर क्रियान्वयन को लेकर अधिकारियों को निर्देश देंगे। इस बैठक से पहले सांसद धर्मबीर सिंह भाजपा जिला कार्यालय में पार्टी के मंडल अध्यक्षों व अन्य कार्यकर्ताओं की भी मीटिंग लेंगे।

### फ्री मेडिकल कैंप 5 अप्रैल को

**नारनौल।** वरिष्ठ नागरिक संगठन के प्रधान दुलीचन्द शर्मा ने बताया कि उनके संगठन द्वारा हुड्डा सैक्टर-1 स्थित संवेदना अस्पताल के तत्वावधान में आगामी 5 अप्रैल को सुबह 10 बजे से दोपहर दो बजे तक एक फ्री मेडिकल कैम्प एवं जांच शिविर का आयोजन किया जाएगा, जिसमे संवेदना अस्पताल के वरिष्ठ चिकित्सक दल द्वारा बीपी, शुगर, थायरायड, श्वास व गठिया, नेत्र, दन्त, हड्डी एवं जोड़ रोग का जांच करके निःशुल्क ईलाज किया जाएगा। ईसीजी भी निःशुल्क की जाएगी।

### स्वास्थ्य मंत्री कराए करोड़ों के विकास कार्यः बबली

**मंडी अटेली।** पिछले एक वर्ष के दौरान अटेली क्षेत्र में विकास कार्यों को नई गति मिली है। ग्रीवेंस कमेटी सदस्य एडवोकेट बबली यादव ने जानकारी देते हुए बताया कि स्वास्थ्य मंत्री आरती राव के प्रयासों से क्षेत्र में करोड़ों रुपये की लागत से विभिन्न विकास परियोजनाएं तेजी से आगे बढ़ रही हैं। उन्होंने बताया कि उनींदा में लोक निर्माण विभाग का रेस्ट हाउस बनाया जाएगा है, वहीं कनीना बस स्टैंड के लिए 10.67 करोड़ रुपये की लागत से कार्य किया जा वाला है। इसके अलावा अटेली महाविद्यालय के नए भवन का निर्माण भी कराया जा जाएगा, जिससे क्षेत्र के विद्यार्थियों को बेहतर शैक्षणिक सुविधाएं मिलेंगी। वहीं राता कलां से मानपुरा तक कृष्णावती नदी के विकास के लिए दो करोड़ 71 लाख 66 हजार रुपये की राशि स्वीकृत की गई है।

### बवानियां में पीएचसी भवन का शिलान्यास एक को



**महेंद्रगढ़।** गांव बवानियां में ग्राम पंचायत के द्वारा एक अप्रैल को एक भव्य एवं जनकल्याणकारी कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है, जिसमें स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव मुख्यातिथि के रूप में शिरकत करेंगी। दौरान मंत्री द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र बवानियां के नए भवन का विधिवत शिलान्यास किया जाएगा। युवा इंकलाब संगठन अध्यक्ष कुलदीप यादव कार्यक्रम के दौरान नागरिकों द्वारा प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र के नए भवन के लिए बजट स्वीकृत करवाने तथा गांव में आयुष केंद्र खोलने की मंजूरी दिलवाने पर स्वास्थ्य मंत्री का स्वागत किया जाएगा।

### जमीन के प्रस्तावित कलेक्टर रेट पर आज दर्ज करें दावे

**नारनौल।** उपायुक्त एवं कलेक्टर कैप्टन मनोज कुमार ने जानकारी देते हुए बताया कि सरकार के निर्देशानुसार जिले में वर्ष 2026-27 के लिए जमीन के प्रस्तावित कलेक्टर रेट्स निर्धारित किए जा रहे हैं। इन प्रस्तावित कलेक्टर रेट्स के बारे में किसी भी नागरिक को कोई आपत्ति, एतराज या सुझाव देना है, तो वे 30 मार्च तक अपनी आपत्तियां दर्ज करवा सकते हैं। ये सुझाव या आपत्तियां संबंधित एसडीएम, तहसीलदार कार्यालय या उपायुक्त कार्यालय की एचआरसी शाखा कमरा नंबर 312 में व्यक्तिगत रूप से या डाक द्वारा जमा करवाई जा सकती हैं।

## विभागीय अधिकारियों की ओर ध्यान नहीं देने पर ग्रामीणों में बढ़ रहा है रोष

# सिहमा-फैजाबाद सड़क मार्ग की खस्ता हालत हादसों का अंदेशा, आमजन को हो रही परेशाना

हरिभूमि न्यूज ▶▶| मंडी अटेली

क्षेत्र के सिहमा-फैजाबाद सड़क मार्ग की हालत दिनों दिन-बदतर होती जा रही है, जिससे आमजन को भारी परेशानियों का सामना करना पड़ रहा है। लंबे समय से मरम्मत के अभाव में यह सड़क पूरी तरह जर्जर हो चुकी है। सड़क में जगह-जगह गहरे गड्ढे बन गए हैं और कई हिस्सों में सड़क की परत उखड़कर कंकड़-पत्थर बाहर आ चुके हैं, जिससे इस मार्ग पर चलना जोखिम भरा हो गया है। ऐसे हालात में आए दिन दुर्घटनाओं का खतरा बना रहता है और राहगीर डर के साये में सफर करने को मजबूर हैं।

यह सड़क मार्ग सिहमा और फैजाबाद सहित आसपास के कई गांवों को जोड़ता है,



मंडी अटेली। खस्ता हालत में खामपुरा-खासपुर के बीच की सड़क। फोटो : हरिभूमि

जिससे प्रतिदिन हजारों छोटे-बड़े वाहन गुजरते हैं। ग्रामीणों के अनुसार, खराब सड़क के कारण वाहन चालकों को गड्ढों से बचते हुए वाहन चलाना पड़ता है जिससे संतुलन बिगड़ने का खतरा बना रहता है। खासकर दोपहिया वाहन चालकों के लिए यह मार्ग बेहद खतरनाक साबित हो रहा है। कई बार लोग गड्ढों में फंसकर गिर चुके हैं और चोटिल भी हुए हैं। इसके अलावा स्कूली बच्चों और बुजुर्गों को भी इस रास्ते से गुजरने में भारी दिक्कतों का सामना करना पड़ रहा है। आसपास के ग्रामीणों का कहना है कि बरसात के मौसम में स्थिति और अधिक गंभीर हो जाती है।

सड़क पर बने गड्ढों में पानी भर जाने से यह अंदाजा लगाना मुश्किल हो जाता है कि कहां गड्ढा है और कहां समतल सड़क। ऐसे में वाहन चालकों को अचानक झटका लगता है और दुर्घटना की संभावना कई गुना बढ़ जाती है। रात्रि के समय तो हालात और भी खराब हो जाते हैं, जब पर्याप्त रोशनी के अभाव में सड़क की वास्तविक स्थिति दिखाई नहीं देती।

### यह कहते हैं जेई

*लोक निर्माण विभाग के जेई सुरेंद्र ने बताया कि मोहनपुर से फैजाबाद सड़क के निर्माण कार्य की प्रक्रिया शुरू कर दी गई है। उन्होंने कहा कि पहले चरण में सड़क के पुराने और क्षतिग्रस्त ब्लॉकों को हटाया जाएगा ताकि नई सड़क का निर्माण सही ढंग से किया जा सके। इसके बाद चरणबद्ध तरीके से सड़क को दोबारा बनाया जाएगा। उन्होंने यह भी बताया कि इस कार्य के लिए ठेकेदार को जिम्मेदारी सौंप दी गई है।*

### जल्द समाधान की मांग

*ग्रामीणों ने आरोप लगाया कि इस समस्या को लेकर कई बार लोकनिर्माण विभाग को अवगत कराया जा चुका है, लेकिन विभाग की ओर से अब तक कोई ठोस कदम नहीं उठाया गया है। लोगों का कहना है कि अधिकारी केवल आश्वासन देकर अपना पल्ला झाड़ लेते हैं जबकि जमीनी स्तर पर कोई सुधार कार्य नजर नहीं आता। ग्रामीणों ने प्रशासन से मांग की है कि सिहमा फैजाबाद सड़क मार्ग की जल्द से जल्द मरम्मत करवाई जाए।*

## अंडरपास में बने गड्ढों और पानी से हर दिन हादसों का डर

# सीआईए रोड अंडरपास बना 'खतरे का रास्ता', जलभराव से नहीं मिला छुटकारा

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

शहर के सीआईए रोड/खड़खड़ी मोहल्ला स्थित रेलवे अंडरपास एकबार फिर सुर्खियों में है, लेकिन इस बार वजह विकास नहीं, बल्कि लगातार हो रहा जलभराव और उससे पैदा हो रहे हादसे हैं। यह अंडरपास स्थानीय लोगों ही नहीं, यहां से गुजरने वाले सभी लोगों के लिए सुविधा के बजाय खतरे का कारण बनता जा रहा है। हालात यह हैं कि बारिश नहीं हो रही, तब भी यहां जमा पानी से गुजरना जान जोखिम में डालने जैसा हो जाता है।

गौर हो कि सीआईए रोड पर रेलवे अंडरपास बना है, जो नारनौल को नांगल चौधरी क्षेत्र से जोड़ता है। यहां से दिन रात इस क्षेत्र के लोग दुपहिया एवं अन्य वाहन लेकर गुजरते हैं। यहां जब गत 15 दिसंबर को करीब 63 वर्षीय कमला, निवासी फ्रांसखाना, अपने बेटे के साथ बाइक पर सवार होकर इस अंडरपास से गुजर रही थी, उसी दौरान पानी से भरे गड्ढे में बाइक को यहां बने गड्ढे में तेज झटका लगा और कमला सड़क पर गिर गईं। इस हादसे में उनके सिर में गंभीर चोट आई। घायल अवस्था में उन्हें तुरंत उपचार के लिए नागरिक अस्पताल और फिर पीजीआईएमएस रोहतक में भर्ती कराया गया, जहां उनका लंबे समय तक इलाज



नारनौल। अंडरपास में भरे पानी में से गुजरते वाहन। फोटो : हरिभूमि

चला, लेकिन अंततः सिर में लगी चोट के कारण दम तोड़ दिया। इस घटना ने एकबार फिर अंडरपास की खस्ताहाल स्थिति को उजागर कर दिया।

### प्रशासनिक दावे और हकीकत

कुछ दिन पहले नगर परिषद नारनौल द्वारा डीएमसी रणबीर सिंह और चेयरपर्सन कमलेश सैनी की मौजूदगी में एक बैठक आयोजित की गई थी। इस बैठक में जलभराव की समस्या को लेकर चर्चा हुई और लोगों को आश्वासन दिया गया कि यदि कहीं पानी भरता है तो संबंधित जिम्मेदारों के खिलाफ केस दर्ज कराया जाएगा। नप के यह दावे एकदम खोखले सिद्ध हो रहे हैं, क्योंकि अब भी महीनेभर से इस अंडरपास में पानी भरा है और कोई कार्रवाई नहीं हो रही। रेलवे भी ध्यान नहीं दे रहा।

अंडरपास में जलभराव की समस्या जस की तस बनी हुई है, जिससे लोगों में प्रशासन के प्रति नाराजगी बढ़ती जा रही है। अंडरपास से गुजरने वाले राहगीरों को हर दिन जोखिम उठाना पड़ता है। दोपहिया वाहन चालकों के लिए तो यह रास्ता सबसे अधिक खतरनाक साबित हो रहा है। पानी में छिपे गड्ढों के कारण वाहन अचानक डगमगा जाते हैं, जिससे गिरने का खतरा बना रहता है। इसके अलावा पैदल चलने वालों को भी पानी में उतरकर गुजरना पड़ता है, जिससे उनके कपड़े और जूते-चप्पल भीग जाते हैं।

### लोगों को परेशानी

लोगों का कहना है कि अगर समय रहते जल निकासी के पुख्ता इंतजाम नहीं किए गए, तो भविष्य में और बड़े हादसे हो सकते हैं। उन्होंने प्रशासन से मांग की है कि अंडरपास में जमा पानी की निकासी के लिए स्थायी समाधान निकाला जाए, सड़क की मरम्मत कर गड्ढों को भरा जाए और नियमित निगरानी सुनिश्चित की जाए। अब देखना यह होगा कि प्रशासन कब तक इस गंभीर समस्या का समाधान करता है या फिर लोग इसी तरह जोखिम उठाकर यहां से गुजरने को मजबूर रहेंगे।

### अंडरपास फिर बनेगा जानलेवा

क्षेत्र के लोगों का कहना है कि यह अंडरपास हर मौसम में परेशानी का सबब बना रहता है। बरसात के दिनों में तो स्थिति और भी भयावह हो जाती है, लेकिन अब गर्मियों और सामान्य दिनों में भी यहां पानी भरा रहता है। इसमें नालियों एवं सिर का पानी दीवारों के अंदर ही अंदर रिस कर आता है और अंडरपास में भर जाता है। लोगों का आरोप है कि कई बार शिकायत करने के बावजूद प्रशासन ने इस ओर गंभीरता नहीं दिखाई। उनका कहना है कि आए दिन छोटे-बड़े हादसे होते रहते हैं और एकबार तो जान भी जा चुकी है, फिर भी कोई स्थायी समाधान नहीं निकाला गया।



नारनौल। डॉ. कृष्णा आर्य को सम्मानित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

## समाजसेविका डॉ. कृष्णा आर्य को किया सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

सुप्रसिद्ध समाजसेविका एवं इंद्रप्रस्थ लिटरेचर फैस्टिवल भारत संस्था की राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कृष्णा आर्य को गुरुग्राम की प्रख्यात साहित्यिक संस्था अहंब्रह्मास्मि नव उद्घोष फाउंडेशन की ओर से गुरुग्राम में आयोजित नारी शक्ति सम्मान समारोह में जगद्दात्री सम्मान से विभूषित किया गया। अहंब्रह्मास्मि नव उद्घोष संस्था की ओर से गुरुग्राम के द एस्टर्स स्कूल में आयोजित सम्मान समारोह में कवयित्री डॉ. कीर्ति काले मुख्यातिथि थी। हरियाणा साहित्य अकादमी निदेशक डॉ. मुक्ता ने कार्यक्रम की अध्यक्षता की। साहित्यकार सविता चड्ढा विशिष्ट आतिथि रही।

इस अवसर पर समाजसेवा के क्षेत्र में उल्लेखनीय कार्यों, स्त्री सशक्तिकरण, बालिका सुरक्षा, प्रकृति संरक्षण, राष्ट्रीय चरित्र निर्माण, सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन, साहित्य के माध्यम से वैश्विक सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करने, देवनागरी लिपि के संरक्षण व वैश्विक प्रचार प्रसार में उल्लेखनीय उपलब्धियों हेतु विभिन्न क्षेत्रों में महिलाओं को सम्मानित किया गया। जिसमें समाजसेविका एवं लोकगीतकार डॉ. कृष्णा आर्य को स्त्री शक्ति सम्मान से विभूषित किया गया। आर्या ने अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक सांस्कृतिक, साहित्यिक कार्यक्रमों में हिस्सा लेकर भारत का नाम रौशन किया है।

इंद्रप्रस्थ लिटरेचर फैस्टिवल भारत राष्ट्रीय अध्यक्ष डॉ. कृष्णा लोकगीत लेखन और साहित्य निर्माण के क्षेत्र में लम्बे समय से कार्य कर रही हैं। उन्होंने इस विशेष सम्मान के लिए संस्था संयोजिका दीपशिखा श्रीवास्तव व समस्त संयोजक मण्डल का आभार व्यक्त किया।

# एएसआई की प्रतिमा का अनावरण

## नांगल दर्गू गांव में इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह की टुकड़ी ने शहीद को दी सलामी

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

गांव नांगल दर्गू में अमर शहीद एएसआई ओमप्रकाश खंडेलवाल की प्रतिमा का अनावरण सांसद चौधरी धर्मबीर सिंह के बेटे युवा भाजपा नेता मोहित चौधरी द्वारा किया गया। ओमप्रकाश खंडेलवाल का जन्म 5 अप्रैल, 1966 को हुआ, जबकि वे शहीद 29 मार्च, 2024 को हुए। प्रतिमा अनावरण पर कार्यक्रम में आई बीएसएफ के इंस्पेक्टर देवेन्द्र सिंह की टुकड़ी ने शहीद एएसआई ओमप्रकाश खंडेलवाल को सलामी दी। धर्मपत्नी कृष्णा देवी ने फूलों की माला पहनाई। इस मौके पर परिवार के सभी लोगों की आंखों में आंसू बहने लगे। मंच संचालन सुनील कुमार मास्टर ने किया। कार्यक्रम में देश के उन वीर शहीदो जिन्होंने देश के लिए अपना




नारनौल। एएसआई ओमप्रकाश खंडेलवाल की प्रतिमा का अनावरण करते सांसद के बेटे मोहित चौधरी। फोटो : हरिभूमि

बलिदान दिया। उन सभी शहीदों को याद किया, इन्होंने देश के लिए अपनी कुर्बानी दी। इस मौके पर दशरथ खंडेलवाल, अजय, अनूप, आनंद खंडेलवाल, पार्षद श्याम सुन्दर चंदेला, पूर्णमल सरपंच, मनोज सरपंच, रामस्वरूप भोपा प्रवक्ता, प्रवेश यादव डीपीई, राजीव कुमार मास्टर आदि मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### साहित्यकार डॉ. तंवर के महाकाव्य का नाम वर्ल्ड रिकॉर्ड में दर्ज



**नारनौल।** हुडा सेक्टर एक निवासी सेवानिवृत्त खंड शिक्षा अधिकारी एवं वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. मक्खन लाल तंवर द्वारा लिखा गया 'त्यागमूर्ति माता रमाबाई आंबेडकर' महाकाव्य 'यूनिक रिकॉर्ड्स आफ यूनिवर्स' में वर्ल्ड रिकॉर्ड के नाते दर्ज किया गया है। भारत के संविधान शिल्पि भारतरत्न बाबा साहेब डॉ. भीमराव आंबेडकर की धर्मपत्नी त्यागमूर्ति माता रमाबाई आंबेडकर के त्याग, तप, उदारता, परिश्रम, समर्पण, धैर्य, बलिदान, अनुशासन, कर्मठता एवं सामाजिक अनुराग को विश्व पटल पर प्रकाश में लाने के उद्देश्य से इस महाकाव्य की रचना की गई है, ताकि आज की नारीशक्ति रमाबाई आंबेडकर के चारित्रिक गुणों से प्रेरणा लेकर और अधिक सेवा एवं समर्पण की भावना के साथ राष्ट्र की उन्नति में विशेष योगदान दे सकें। यह महाकाव्य देश एवं दुनिया का हिंदी साहित्य जगत का प्रथम एवं इकलौता महाकाव्य है। इस महाकाव्य की रचना में महाकाव्य के मानकों, मूल सिद्धान्तों एवं रीति नीतियों का पूर्णतया निरूपण किया गया है।

# कार्यकर्ताओं के परिश्रम से आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी : विधायक

## भाजपा नारनौल विधानसभा के मंडलों की बैठक आयोजित

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

भारतीय जनता पार्टी विधानसभा के तीनों मंडलों का कार्यक्रम यादव धर्मशाला में आयोजित किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जिला अध्यक्ष डॉ. यतेंद्र राव ने की। मुख्य अतिथि विधायक ओमप्रकाश यादव थे। मंच संचालन मंडल अध्यक्ष हेमंत चौबे व जिला सचिव मनीष सांघी ने किया। कार्यक्रम में कार्यकर्ताओं को संगठन की कार्यशैली, विचारधारा व चुनावी तैयारियों के विभिन्न पहलुओं से अवगत करवाते हुए उन्हें नई दिशा व दृष्टि प्रदान की। जिला अध्यक्ष डॉण्यतेंद्र राव ने संगठन की प्राथमिकताओं व जमीनी स्तर पर कार्य करने की आवश्यकता पर संदेश दिया। उन्होंने बताया कि



नारनौल। बैठक में मौजूद भाजपा कार्यकर्ता। फोटो : हरिभूमि

स्पष्टता, कार्य में निरंतरता और आपसी तालमेल से ही संगठन को गति मिलती है। उन्होंने छह अप्रैल को पार्टी के स्थापना दिवस व 14 अप्रैल को डॉ. अंबेडकर की जयंती को बूथ स्तर पर बनाने को कहा।

इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि कर्मठ एवं समर्पित कार्यकर्ताओं के परिश्रम से आज भाजपा दुनिया की सबसे बड़ी पार्टी है। उन्होंने कहा कि भाजपा में कार्यकर्ताओं की मेहनत, सक्रियता और बूथ स्तर की मजबूती को ही सफलता का मूल मंत्र माना जाता है। इस मौके पर लोकसभा प्रभारी राममेहर लोहान, पूर्व जिला अध्यक्ष अजीत सिंह यादव, जिला महामंत्री किशनलाल सैनी, जिला उपाध्यक्ष वासुदेव यादव, जिला मीडिया प्रभारी विकास अग्रवाल, जिला आईटी प्रमुख आनंद मेहता, जिला सचिव मनीष संघी, युवा मोर्चा जिला अध्यक्ष नरेंद्र यादव आदि मौजूद थे।

## मंडियों में रबी फसल की सरकारी खरीद को लेकर सीएम ने की वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग

# बायोमेट्रिक सिस्टम से होगी फसल खरीद, किसानों की सुविधा के लिए जारी किया हेल्पलाइन नंबर

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

रबी सीजन की फसलों की सुचारू खरीद सुनिश्चित करने के लिए हरियाणा सरकार और जिला प्रशासन पूरी तरह सक्रिय हो गया है। मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी ने शनिवार रात्रि राज्य के सभी जिला उपायुक्तों के साथ की गई समीक्षा बैठक के बाद महेंद्रगढ़ जिले में भी खरीद प्रक्रिया को अंतिम रूप दे दिया गया है। उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिले में 28 मार्च से सरसों व एक अप्रैल से गेहूं की सरकारी खरीद शुरू की जा रही है। केवल उन्हीं किसानों की फसल न्यूनतम समर्थन मूल्य पर खरीदी जाएगी, जिन्होंने मेरी फसल मेरा ब्यौरा पोर्टल पर अपना पंजीकरण करवाया है। मुख्यमंत्री के साथ हुई बैठक में डीसी ने जिले की सभी छह मंडियों में बारदाने, लेबर और परिवहन की व्यवस्था पर विस्तृत रिपोर्ट प्रस्तुत की और



नारनौल। अनाज मंडी। फोटो : हरिभूमि


किसानों की सुविधा का भरोसा दिलाया। बैठक के बाद डीसी ने अधिकारियों को निर्देश दिए कि इस बार सरकार की ओर से लागू किए गए बायोमेट्रिक सिस्टम का कड़ाई से पालन किया जाए। यह सिस्टम खरीद प्रक्रिया में पूर्ण पारदर्शिता लाने और फर्जीवाड़े को रोकने के लिए शुरू किया गया है।

### 62 हजार ने कराया रजिस्ट्रेशन

महेंद्रगढ़ जिले में करीब 62 हजार किसानों ने पोर्टल पर पंजीकरण कराया है। जिसमें करीब दो लाख 52 हजार हेक्टेयर जमीन का रजिस्ट्रेशन हुआ है। मंडी में सरसों लेकर आने वाले सभी किसानों की एंट्री सुनिश्चित की जाएगी, ताकि खरीद प्रक्रिया सुचारू रूप से चल सके। उपायुक्त ने बताया कि किसानों की सहायता और समस्याओं के समाधान के लिए सरकार ने विशेष हेल्पलाइन नंबर 18001802060 भी जारी किया है। डीसी ने मंडियों में बिजली, स्वच्छ पेयजल, सफाई व्यवस्था और अटल कैंटीन की सुविधाओं को दुरुस्त रखने के निर्देश दिए। इस बैठक में डीईएमओ जगजीत कादियान, सहायक खाद्य आपूर्ति अधिकारी अरुण सैनी, डीएम हैफेड प्रवीण कुमार व कृषि विभाग से डॉ. हरपाल आदि मौजूद थे।

## प्रियंका ने विश्वविद्यालय में पाया पांचवां

# आईजीयू परिणाम में यदुवंशी कॉलेज ने लहराया परचम



हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

हाल ही में इंदिरा गांधी विश्वविद्यालय मीरपुर की ओर से एमएससी बोटनी प्रथम सेमेस्टर का परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। जिसमें यदुवंशी डिग्री कॉलेज के विद्यार्थियों ने बहुत ही बेहतरीन परिणाम दिया। छात्रा प्रियंका पुत्री दीप सिंह ने विश्वविद्यालय में पांचवां, नेहा पुत्री सुनील कुमार ने सातवां, प्रिया पुत्री राजेश ने आठवां स्थान हासिल किया। वही निधि पुत्री श्योपाल सिंह ने नौवां, प्रियंका पुत्री दिनेश कुमार ने 10वां हासिल किया। इसके अतिरिक्त अन्य विद्यार्थियों का परिणाम भी बहुत ही सराहनीय रहा। मौके पर यदुवंशी ग्रुप के चेयरमैन राव बहादुर सिंह, डॉ. प्रदीप यादव, संस्था निदेशिका सुरेश यादव, प्राचार्य बजरंग लाल, डॉ. सोनल यादव, शिवानी यादव आदि ने विद्यार्थियों का हौसला बढ़ाया।

## खबर संक्षेप



### विधायक ने मन की बात कार्यक्रम सुना

**नारनौल।** विधायक एवं पूर्व मंत्री व विधायक ओमप्रकाश यादव ने रविवार को प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के लोकप्रिय कार्यक्रम मन की बात के 132वें एपिसोड को सुना। इस अवसर पर विधायक ओमप्रकाश यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में देश की 140 करोड़ जनता के हित पूरी तरह सुरक्षित हैं। विधायक ने बताया कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में वैश्विक युद्ध व ऊर्जा संकट पर चिंता जताई। उन्होंने देशवासियों से अपील की कि वर्तमान परिस्थितियां चुनौतीपूर्ण हैं, इसलिए अफवाहों से बचें और एकजुट रहें। प्रधानमंत्री ने खाड़ी देशों में रह रहे भारतीयों की सुरक्षा का भी उल्लेख किया। यादव ने कहा कि प्रधानमंत्री ने अपने संबोधन में बताया कि दुनिया पहले ही कोविड 19 महामारी के दौरान कई कठिनाइयों से गुजर चुकी है। उम्मीद थी कि महामारी के बाद हालात सुधरेंगे।

### एसडी विद्यालय खेड़ी तलवाना में कार्यक्रम आयोजित

# समुत्कर्ष समारोह में विद्यार्थियों के स्वास्थ्य जागरूकता पर किया फोकस

- विद्यार्थियों को डॉ. आंबेडकर के आदर्शवादी विचारों से प्रेरणा लेने का दिया संदेश

हरिभूमि न्यूज ▶▶| कनीना

जिले के अनुसूचित जाति वर्ग के मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने एवं उनके सर्वांगीण विकास के उद्देश्य से युवा व सेवा संस्थान की ओर से समुत्कर्ष समारोह का आयोजन किया गया। एसडी स्कूल खेड़ी तलवाना में आयोजित इस समारोह में आयोजकों ने विद्यार्थियों को भारत रत्न डॉ. भीमराव आंबेडकर के आदर्शवादी विचारों से प्रेरणा लेने का संदेश दिया गया।

इस समारोह के मुख्य अतिथि आईजीयू मीरपुर के रजिस्ट्रार प्रो. दिलबाग सिंह थे। विशिष्ट अतिथि एवं मुख्य वक्ता के रूप में डीयू के संयुक्त निदेशक डॉ. राजकुमार फुलवरिया उपस्थित थे। उन्होंने विद्यार्थियों को राष्ट्र निर्माण में अपनी महत्वपूर्ण भूमिका निभाने तथा शिक्षा के महत्व को आत्मसात कर जीवन के उच्च लक्ष्य को प्राप्त करने के लिए प्रेरित किया। डॉ. राजकुमार फुलवरिया ने बताया कि डॉ. अंबेडकर अद्वितीय ज्ञान, दृढ़ संकल्प और समाज सुधार के प्रति समर्पण में निहित थे।

वे बहुमुखी प्रतिभा के धनी थे तथा महान विधिवेत्ता, अर्थशास्त्री, शिक्षाविद और दूरदर्शी नेता थे। समारोह में विशेष आकर्षण स्वास्थ्य जागरूकता सत्र रहा। जिसमें विद्यार्थियों के शारीरिक एवं मानसिक स्वास्थ्य पर विशेष फोकस किया गया। स्वास्थ्य विशेषज्ञों ने संतुलित एवं पौष्टिक आहार लेने, नियमित व्यायाम, योग एवं ध्यान, व्यक्तिगत स्वच्छता, पर्याप्त नींद तथा नशे से दूर रहने के महत्व को बताया। उन्होंने कहा कि स्वस्थ शरीर में ही स्वस्थ मस्तिष्क का वास होता है। इस मौके पर डॉ. सुनील कुमार, नरेश तंवर, कैलाश कुमार, नरेंद्र यादव, पूर्ण यादव आदि उपस्थित थे।



**कनीना।** मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित करते आयोजक मंडल के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

#### मेहनत को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान

प्रो. दिलबाग सिंह ने कहा कि शिक्षा ही वह सशक्त माध्यम है, जो व्यक्ति को अज्ञानता के अंधकार से निकालकर ज्ञान के प्रकाश की ओर ले जाता है। उन्होंने विद्यार्थियों को अनुशासन, समय प्रबंधन और निरंतर मेहनत को जीवन का अभिन्न हिस्सा बनाने का आह्वान किया। विद्यालय के चेयरमैन जगदेव यादव ने अतिथियों व अभिभावकों का आभार जताते हुए विद्यार्थियों की समस्याओं के निराकरण पर ध्यान देने की बात कही। उन्होंने कहा कि विद्यार्थी निरंतर अभ्यास से बड़ी से बड़ी बाधाओं को पार कर सकते हैं। अंत में उन्होंने मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित कर प्रोत्साहित किया। आयोजक मंडल ने विद्यार्थियों में शिक्षा के प्रति जागरूकता बढ़ाई। वहीं स्वस्थ जीवनशैली अपनाने, आत्मविश्वास विकसित करने और समाज के प्रति अपनी जिम्मेदारियों को समझने की नई प्रेरणा भी प्रदान की।



**नांगल चौधरी।** स्कॉलरशिप परीक्षा के कार्यक्रम में गान प्रस्तुत करती छात्राएं।

# दी गुरुकुलम स्कूल में हुआ स्कॉलरशिप टेस्ट

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

दी गुरुकुलम सीनियर सेकेंडरी स्कूल में परख स्कॉलरशिप टेस्ट का सफल आयोजन किया गया। जिसमें कक्षा तीन से 12वीं तक के 526 विद्यार्थियों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। परीक्षा को लेकर विद्यार्थियों में विशेष उत्साह देखने को मिला और सुबह से ही विद्यालय परिसर में विद्यार्थियों व अभिभावकों की चहल पहल रही। परीक्षा का संचालन निर्मला चौधरी ने की। उन्होंने बताया कि स्कॉलरशिप टेस्ट का मुख्य उद्देश्य विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता का आंकलन करना तथा उन्हें आगे की पढ़ाई के लिए प्रेरित करना है। परीक्षा के आधार पर मेधावी विद्यार्थियों को छात्रवृत्ति प्रदान की जाएगी, जिससे उनकी शिक्षा को मजबूती मिलेगी। विद्यालय के चेयरमैन अभय सिंह गुर्जर ने कहा कि इस प्रकार की प्रतियोगी परीक्षाएं विद्यार्थियों में आत्मविश्वास बढ़ाती हैं और उन्हें अपने लक्ष्य के प्रति गंभीर बनाती हैं। विद्यार्थियों के लिए शांत और व्यवस्थित वातावरण सुनिश्चित किया गया, वहीं परीक्षा कक्षों में उचित बैठने की व्यवस्था, शिक्षकों की निगरानी और मार्गदर्शन की विशेष व्यवस्था रही। चेयरमैन ने फादर लेस बच्चों को फीस में 50 प्रतिशत छूट देने की घोषणा की। इस मौके पर डायरेक्टर राजपाल, वाइस चेयरमैन धर्मवीर यादव, अभय शर्मा, देशराज आदि मौजूद थे।

# मेधावी प्रतिभाओं को किया सम्मानित

### आदर्श पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवता में हुआ सम्मान समारोह

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नांगल चौधरी

आदर्श पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल देवता में निदेशक ओमप्रकाश यादव की अध्यक्षता में मेधावी प्रतिभा सम्मान समारोह आयोजित किया गया। जिसमें यादव सभा के प्रधान रामोतार यादव व सरपंच हनुमान प्रसाद मुख्य रूप से मौजूद रहे। उन्होंने विद्यार्थियों को लक्ष्य निर्धारित करके पढ़ाई करने के लिए प्रेरित किया। 10वीं कक्षा में टॉपर रहे विद्यार्थियों को प्रोत्साहित किया गया। प्रतिभा सभी विद्यार्थियों में होती है, लेकिन उचित मार्गदर्शन के आभाव में निखार नहीं पाते। उनकी सुविधा के लिए शिक्षकों को मार्गदर्शक तथा प्रशिक्षक की भूमिका निभानी होगी। दसवीं कक्षा के परिणाम में स्कूल के 19 से अधिक विद्यार्थियों ने 90 फीसदी से अधिक अंक लेकर संस्था का गौरव बढ़ाया है। अन्य विद्यार्थियों ने 80 फीसदी से अधिक अंक लेकर रिकार्ड बनाया है। जिनमें साक्षी शर्मा ने 96.50 प्रतिशत अंक लेकर जिला स्तर पर सहरानीय प्रदर्शन किया है। नचिता कुमारी ने 95.45 फीसदी व सिद्धार्थी 95.33 अंक अर्जित किए। गरिमा कुमारी ने 95 प्रतिशत अंक लेकर सफलता हासिल की। अधिकाशं ग्रामीणों की आजीविका खेतीबाड़ी पर निर्भर है, लेकिन बीते 20 से 25 सालों से पर्याप्त बारिश नहीं हो रही जिस कारण फसलों का उत्पादन प्रभावित हो गया। ग्रामीणों की सुविधा के लिए कम फीस में आधुनिक शिक्षण व्यवस्था उपलब्ध कराने का प्रबंध किया गया है। कार्यक्रम का संचालन प्राचार्य देवेंद्र सिंह शास्त्री ने किया। इस मौके पर दीपक सिंह, हिमांशु, पृथ्वी सिंह, लेखराम, कमलेश, नरेश कुमार, रामचंद्र आदि मौजूद रहे।



**नांगल चौधरी।** मेधावी प्रतिभाओं को सम्मानित करते मुख्यातिथि व प्रबंधन कमेटी।



**महेंद्रगढ़।** परीक्षा में भाग लेते बच्चे। फोटो : हरिभूमि

# विजय इंटरनेशनल में स्कॉलरशिप कम-एडमिशन टेस्ट आयोजित

**महेंद्रगढ़।** विजय इंटरनेशनल स्कूल में चेयरमैन स्कॉलरशिप–कम–एडमिशन टेस्ट का आयोजन किया गया, जिसका शुभारंभ मुख्यातिथि विद्यालय सचिव महेंद्र सिंह ने मां सरस्वती के सामने द्वीप प्रज्ज्वलित करके किया। इस अवसर पर छोटे–छोटे बच्चों ने वेलकम सॉन्ग, हरियाणवी नृत्य तथा नाटक प्रस्तुत करके आए हुए बच्चों तथा उनके अभिभावकों का मन मोह लिया। चेयरमैन विजय यादव टूमना ने बताया कि इस टेस्ट में 7255 बच्चों ने हिस्सा लिया और क्षेत्रवासियों ने अपार स्नेह दिखाया। उन्होंने विद्यालय उपलब्धियों के बारे में भी विस्तारपूर्वक बताया और टेस्ट के बारे में जानकारी दी। उन्होंने बताया कि इसका परिणाम 31 मार्च को सुनाया जाएगा। विद्यालय प्रिंसिपल नत्थू सिंह ने इस सफल आयोजन के लिए सभी क्षेत्र वासियों के धन्यवाद किया। इस मौके पर वाइस प्रिंसिपल अशोक कासनी, श्याम सुंदर यादव व संजय सिंह आदि उपस्थित रहे।

# मॉडर्न स्कूल की नई पहल: ट्रैफिक नियमों के पालन पर सख्ती

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

चामधेड़ा रोड स्थित मॉडर्न सीनियर सेकेंडरी स्कूल द्वारा सड़क सुरक्षा को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक सराहनीय पहल शुरू की गई है। इस पहल के तहत विद्यालय में आने वाले सभी दुपहिया वाहन चालकों के लिए हेलमेट पहनना अनिवार्य कर दिया गया है, वहीं चारपहिया वाहनों में आने वाले स्टाफ सदस्यों के लिए सीट बेल्ट लगाना भी जरूरी कर दिया गया है। विद्यालय प्रशासन का मानना है कि इस कदम से न केवल स्टाफ की सुरक्षा सुनिश्चित होगी, बल्कि समाज में भी ट्रैफिक नियमों के प्रति जागरूकता बढ़ेगी। डायरेक्टर हुकम सिंह तंवर ने कहा कि सड़क सुरक्षा को लेकर जागरूकता समय की मांग है। उन्होंने कहा कि छोटी-छोटी सावधानियां बड़ी दुर्घटनाओं को रोक सकती हैं। इसलिए सभी को चाहिए कि वे नियमों का पालन करें और दूसरों को भी इसके लिए प्रेरित करें। उन्होंने यह भी बताया कि भविष्य में विद्यार्थियों के लिए भी ट्रैफिक जागरूकता से जुड़े कार्यक्रम आयोजित किए जाएंगे। चेयरमैन सतन सिंह यादव ने कहा कि ट्रैफिक नियमों का पालन करना प्रत्येक नागरिक की जिम्मेदारी है। उन्होंने बताया कि अक्सर लोग लापरवाही के कारण दुर्घटनाओं का शिकार हो जाते हैं, जिसे थोड़ी सी सतर्कता से टाला जा सकता है। उन्होंने कहा कि हेलमेट और सीट बेल्ट जीवन रक्षक उपकरण हैं, जिन्हें नजरअंदाज नहीं किया जाना चाहिए। इस पहल का उद्देश्य लोगों को अपनी और दूसरों की सुरक्षा के प्रति जागरूक करना है। प्राचार्य प्रदीप तंवर ने बताया कि ट्रैफिक नियमों को लेकर स्कूल प्रशासन पूरी तरह गंभीर है। उन्होंने कहा कि जो भी स्टाफ सदस्य इन नियमों का पालन नहीं करेगा।



**महेंद्रगढ़।** हेलमेट पहनकर स्कूल आते स्टाफ सदस्य।

# बीआर सेहलंग में हुआ परिणाम एवं पुरस्कार वितरण समारोह




**महेंद्रगढ़।** बीआर आदर्श वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय सेहलंग में कक्षा तृतीय से ग्यारहवीं तक के विद्यार्थियों के लिए वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषणा एवं पुरस्कार वितरण समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम अभिभावकों की उपस्थिति में सम्पन्न हुआ। कार्यक्रम की शुरुआत मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ की गई। मुख्य अतिथि चेयरमैन हरिश भारद्वाज, विशिष्ट अतिथि उपाध्यक्ष कृष्ण भारद्वाज रहे। कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज द्वारा की गई। विद्यालय द्वारा वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया। कक्षा 3 से 11 तक के प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय स्थान प्राप्त करने वाले विद्यार्थियों को मंच पर आमंत्रित कर मेडल एवं प्रमाण-पत्र देकर सम्मानित किया गया। विभिन्न विषयों, अनुशासन एवं सह-शैक्षणिक गतिविधियों में उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले विद्यार्थियों को भी विशेष पुरस्कार प्रदान किए गए। चेयरमैन हरिश भारद्वाज ने कहा कि सफलता का मूल मंत्र निरंतर मेहनत, अनुशासन एवं सही मार्गदर्शन है। प्रधानाचार्या ज्योति भारद्वाज ने सभी विद्यार्थियों को उनके उत्कृष्ट प्रदर्शन के लिए बधाई दी।

# आरपीएस स्कूल में नवोत्थान की धूम

हरिभूमि न्यूज ▶▶| महेंद्रगढ़

आरपीएस सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोद में शनिवार को वार्षिक कार्यक्रम नवोत्थान का आयोजन किया गया। इस दौरान विद्यालय के नन्हें कलाकारों की प्रतिभा और भारतीय संस्कृति के अनूठे संगम ने उपस्थित सभी लोगों को मंत्रमुग्ध कर दिया। कार्यक्रम का शुभारंभ मां सरस्वती के समक्ष दीप प्रज्वलन के साथ हुआ। विद्यार्थियों ने एक से बढ़कर एक सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दीं। बच्चों द्वारा प्रस्तुत लोक नृत्य, देशभक्ति से ओत-प्रोत नाटिकाओं और संस्कार आधारित लघु नाटकों ने अभिभावकों को भावविभोर कर दिया। शिक्षा के साथ-साथ नैतिक मूल्यों पर आधारित इन कार्यक्रमों की अभिभावकों ने खुले मन से सराहना की। आरपीएस ग्रुप चेयरपर्सन डॉ. पवित्रा राव ने कहा कि शिक्षा का वास्तविक उद्देश्य केवल किताबी ज्ञान नहीं, बल्कि सर्वांगीण विकास है। नवोत्थान हमारे बच्चों के भीतर छिपी रचनात्मक ऊर्जा को प्रदर्शित करने का एक सशक्त माध्यम है। सीईओ इंजीनियर मनीष राव ने कहा कि आरपीएस समूह निरंतर तकनीक और गुणवत्तापूर्ण शिक्षा के मेल से विद्यार्थियों को भविष्य की चुनौतियों के लिए तैयार कर रहा है। डिप्टी सीईओ कुनाल राव ने कहा कि 28 वर्षों की यह उत्कृष्टता यात्रा हमारे शिक्षकों के समर्पण और विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत का परिणाम है। प्राचार्य डॉ. किशोर तिवारी ने कहा कि विद्यालय का अनुशासन और शैक्षणिक उत्कृष्टता ही हमारी पहचान है।




**महेंद्रगढ़।** कार्यक्रम में प्रस्तुति देते विद्यार्थी। फोटो : हरिभूमि

#### विद्यार्थियों का होता है बौद्धिक विकास

हम विद्यार्थियों को एक ऐसा वातावरण देने के लिए प्रतिबद्ध हैं जहां वे हर शिखर को छू सकें। मिडिल विंग हेड साक्षी मलिक ने बताया कि 'नवोत्थान' का मुख्य उद्देश्य बच्चों में आत्मविश्वास पैदा करना और उन्हें अपनी जड़ों से जोड़ना है। उन्होंने कहा कि ऐसे मंचों से विद्यार्थियों को अपनी प्रतिभा दिखाने का अवसर मिलता है, जिससे उनका मानसिक और बौद्धिक विकास होता है। कार्यक्रम की सफलता ने एक बार फिर सिद्ध कर दिया कि आरपीएस स्कूल शिक्षा के साथ-साथ संस्कारों के सिंचन में भी अग्रणी है।

# सरस्वती शिक्षा निकेतन में वार्षिक परिणाम जारी




**महेंद्रगढ़।** खण्ड के सरस्वती शिक्षा निकेतन वरिष्ठ माध्यमिक विद्यालय माजरा कलां में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित एवं अभिभावक-शिक्षक बैठक का आयोजन किया गया। अध्यापकों से अपने-अपने बच्चों की शिक्षा, संस्कार व उनकी रचनाशीलता पर विचार-विमर्श किया। आरआरसीएम ग्रुप के चैयरमैन रोशन लाल यादव ने अभिभावकों का इस बैठक में भाग लेने पर आभार व्यक्त किया। उन्होंने बताया कि इस प्रकार की बैठकें बच्चों की पढ़ाई के साथ-साथ उनके सर्वांगीण विकास में सहायक होती हैं। निदेशक विपुल यादव ने आगामी सत्र 2026-27 की तैयारियों के बारे में विस्तारपूर्वक चर्चा की, ताकि बच्चे अत्याधुनिक ज्ञान-विज्ञान के साथ शिक्षा ग्रहण कर सकें। प्रधानाचार्य ने बैठक के अन्त में सभी आगन्तुकों का धन्यवाद किया।

### स्लम एरिया टैलेंट के छात्रों के साथ मनाया भगवान महावीर जन्म कल्याण पर्व

# भगवान महावीर का जीवन हम सभी के लिए प्रेरणा स्त्रोत: अजीत

हरिभूमि न्यूज ▶▶| नारनौल

श्री कृपा सेवा समिति के सौजन्य से शहर के इंदिरा कॉलोनी स्थित स्लम एरिया टैलेंट के छात्रों के साथ पुस्तक वितरण करके जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर का जन्म कल्याण महोत्सव मनाया। इस अवसर पर कार्यक्रम का शुभारंभ जैन समाज के प्रधान अजीत जैन ने दीप प्रज्वलित कर किया। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि जैन समाज प्रधान अजीत जैन व विशिष्ठ अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष वासुदेव यादव थे।

कार्यक्रम की अध्यक्षता प्रवक्ता जैन समाज सुरेंद्र जैन ने की। कार्यक्रम आयोजक शिवकुमार मित्तल संस्थापक व प्रधान के सानिध्य में हुआ। मंच संचालन स्लम एरिया टैलेंट की छात्रा रीना ने किया इस अवसर पर मुख्य अतिथि अजीत जैन ने कहा कि स्लम एरिया टैलेंट संस्था एक बहुत ही सुंदर कार्य कर रही है, जो की निःशुल्क छात्रों को पढ़ाई के साथ साथ अनेक गतिविधियों में शामिल होते हैं। यह पावन दिन देशभर के जैन श्रद्धालु प्रार्थना और दान के माध्यम से भगवान महावीर को याद करते हैं। यह पर्व भगवान महावीर के तीन मुख्य सिद्धांतों अहिंसा, सत्य और करुणा का प्रतीक है। विशिष्ट अतिथि भाजपा जिला उपाध्यक्ष वासुदेव यादव ने कहा कि यह पर्व जैन धर्म के 24वें तीर्थंकर भगवान महावीर के जन्मोत्सव की स्मृति में मनाया जाता है।



**नारनौल।** बच्चों को पाठ्य सामग्री वितरित करते हुए। फोटो : हरिभूमि

#### अपने संदेशों से कई लोगों का जीवन बदला

सुरेन्द्र जैन ने कहा कि भगवान महावीर जैन धर्म के 24 तीर्थंकरों में से आखिरी तीर्थंकर थे। जिन्होंने जैन धर्म के मूल सिद्धांतों की स्थापना की थी। भगवान महावीर जी का जन्म चैत्र माह के शुक्ल पक्ष की त्रयोदशी तिथि को हुआ था। बहुत ही कम उम्र में उन्होंने मोह माया को त्याग कर सन्यासी का जीवन अपना लिया था। उन्होंने अपने संदेशों से कई लोगों का जीवन बदला। वह लोगों को अहिंसा और सत्य के मार्ग पर चलने के लिए प्रेरित करते थे। इस मौके पर हन्नी गुप्ता, मदनलाल गोगिया, रविंद्र चौधरी, शुभम सोनी, पंकज आदि मौजूद थे।

### बीएनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोदड़ा में वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित

**महेंद्रगढ़।** बीएनडी सीनियर सेकेंडरी स्कूल खातोदड़ा में रविवार को वार्षिक परीक्षा परिणाम घोषित किया गया, जिसमें कक्षा प्री-नर्सरी से ग्यारहवीं तक का परीक्षा परिणाम शत–प्रतिशत रहा। इस मौके पर विद्यालय के चेयरमैन विजयपाल यादव, एमडी अमित यादव, प्राचार्य हनुमंत शर्मा एवं स्टाफ ने प्रथम, द्वितीय, तृतीय एवं टाप टैन सूची में स्थान प्राप्त करने वाले सभी छात्र- छात्राओं के साथ–साथ कक्षा में अनुशासित विद्यार्थियों को भी पुरस्कार तथा प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। एमडी ने बच्चों की उत्कृष्ठ शैक्षणिक प्रतिभा की प्रशंसा करते हुए कहा कि बच्चे की उपलब्धि माता-पिता के सार्थक प्रयासों एवं शिक्षक के उचित मार्गदर्शन पर निर्भर करती है। किड्जी हेड मंजू यादव ने अभिभावकों को शैक्षणिक स्तर के दौरान किड्जी विंग की गतिविधियों के बारे में विस्तार से अवगत करवाया। चेयरमैन ने अभिभावकों को यह विश्वास दिलाया कि विद्यालय इसी तरह उनके विश्वास को बनाए रखेगा तथा बच्चों को बेहतर शिक्षा प्रदान करता रहेगा। इस अवसर पर विद्यालय के मैनेजिंग डायरेक्टर अमित यादव, डायरेक्टर पूनम यादव, वाइस प्रिंसिपल दिनेश कुमार, पीजीटी हेड अरविन्द, टीजीटी हेड विकास यादव, पीआरओ राकेश यादव, पीआरटी हेड बनीता यादव आदि उपस्थित रहे।



**महेंद्रगढ़।** परिणाम उपरांत बच्चे को पुरस्कृत करते हुए। फोटो : हरिभूमि

# राव रामचंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल में परिणाम घोषित



**महेंद्रगढ़।** पीटीएम में भाग लेते अभिभावकगण। फोटो : हरिभूमि

**महेंद्रगढ़।** राव रामचंद्र मेमोरियल पब्लिक स्कूल में रविवार को वार्षिक परीक्षा का परिणाम घोषित किया गया। इस अवसर पर विद्यालय परिसर में अभिभावक-शिक्षक बैठक का भी आयोजन किया गया, जिसमें बड़ी संख्या में अभिभावकों ने हिस्सा लेकर अपने बच्चों की शैक्षणिक प्रगति की समीक्षा की। प्रधानाचार्य ने कहा कि शिक्षा केवल किताबी ज्ञान तक सीमित नहीं है। हमारा उद्देश्य विद्यार्थियों का सर्वांगीण विकास करना है। अभिभावकों का सहयोग हमारे प्रयासों को और मजबूत बनाता है। संस्था के चेयरमैन राव रोशन लाल ने बताया कि यदि विद्यार्थी कड़ी मेहनत और लग्न से अध्ययन करें तो वे निश्चित ही सफलता प्राप्त करेंगे और अपने भावी जीवन में भी सफल होंगे। उन्होंने सत्र की योजनाओं के बारे में रूपरेखा स्पष्ट की। अंत में मेधावी विद्यार्थियों को सम्मानित किया गया।

# नारनौल के 9 मोहल्लों में बिछी पीएनजी गैस पाइप लाइन उपभोक्ताओं के घरों पर दी जा रही सिलेंडर की सप्लाई

## जिले में रसोई गैस आपूर्ति के पुख्ता इंतजाम, एक दिन में 4500 से अधिक सिलेंडरों की हुई घर-घर आपूर्ति

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार की अध्यक्षता में जिले में पाइप नेचुरल गैस बुनियादी ढांचे और घरेलू पाइप नेचुरल गैस कनेक्शनों की समीक्षा के लिए बैठक आयोजित की गई। बैठक के बाद जानकारी देते हुए उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि जिला महेंद्रगढ़ में रसोई गैस सिलेंडर की कोई कमी नहीं है और जिले के उपभोक्ताओं को समय पर सिलेंडर की आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने स्पष्ट किया कि जिले में तेल कंपनियों के माध्यम से लगातार आपूर्ति प्राप्त हो रही है। जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के पास पर्याप्त स्टॉक मौजूद है और प्रतिदिन हजारों की संख्या में बुकिंग के सापेक्ष वितरण किया जा रहा है। विशेष रूप से शादियों और सरकारी कार्यों के लिए मांग के अनुसार व्यावसायिक सिलेंडरों की उपलब्धता भी सुनिश्चित की गई है।

पाइप नेचुरल गैस कनेक्शनों के संबंध में उपायुक्त ने बताया कि वर्तमान में जिला महेंद्रगढ़ के केवल नारनौल शहर में निजी कंपनी की ओर से यह सुविधा प्रदान की जा रही है। नारनौल में लगभग 1651 सक्रिय कनेक्शन हैं। कुल रजिस्ट्रेशन कनेक्शनों की संख्या 6000 से 7000 के बीच है। शहर के शहरी संपदा विभाग सेक्टर, कर्मचारी कॉलोनी, मालवीय नगर, पटीकरा, शिव कॉलोनी, केशव नगर, कैलाश नगर, मोती नगर व रामनगर जैसे प्रमुख क्षेत्रों में यह पाइप लाइन बिछाई जा चुकी है और बाकी कनेक्शनों को पाइप लाइन से जोड़ने का कार्य निरंतर जारी है। इसके अतिरिक्त उपायुक्त ने निजी कंपनी के मैनेजर को निर्देश दिए हैं कि बाकी जो रजिस्ट्रेशन कनेक्शन है, उनको भी अति शीघ्र एक्टिव करें इसके अलावा नारनौल शहर में तीन व्यावसायिक कनेक्शन भी कार्य कर रहे हैं। प्रशासन यह सुनिश्चित कर रहा है कि भविष्य में इस नेटवर्क का विस्तार जिले के अन्य हिस्सों में भी सुचारू रूप से हो सके।


नारनौल। गैस एजेंसी के बाहर लगी उपभोक्ताओं की लाइन। फोटो : हरिभूमि

### जिले में गैस की किल्लत नहीं: उपायुक्त



उपायुक्त कैप्टन मनोज कुमार ने बताया कि महेंद्रगढ़ जिले में गैस की आपूर्ति सुचारू रूप से जारी है और उपभोक्ताओं को किसी भी प्रकार की किल्लत का सामना नहीं करना पड़ रहा है। 28 मार्च को शाम पांच बजे तक की रिपोर्ट के मुताबिक जिले की विभिन्न गैस एजेंसियों के पास कुल 7819 सिलेंडरों का स्टॉक उपलब्ध था। इसमें से 4661 सिलेंडर सीधे संयंत्र से प्राप्त हुए थे। जिले के शहरी और ग्रामीण क्षेत्रों में सक्रियता दिखाते हुए कुल 76 वाहनों (47 वाहन शहरी व 29 ग्रामीण) के माध्यम से एक ही दिन में 4598 सिलेंडरों की घर घर आपूर्ति सुनिश्चित की गई। वर्तमान में 4047 ऑनलाइन बुकिंग प्राप्त हुई थी, जिनके सापेक्ष आपूर्ति का कार्य निरंतर जारी है और दिन के अंत में भी विभिन्न एजेंसियों के पास 3221 सिलेंडरों का अंतिम शेष बचा हुआ था। व्यावसायिक आपूर्ति के संबंध में जानकारी देते हुए बताया गया कि लड़की की शादियों व सरकारी कार्यों के लिए मांग के अनुसार पर्याप्त संख्या में व्यावसायिक सिलेंडर प्राप्त हुए हैं।

## खबर संक्षेप


नारनौल। नाली दिखाते वार्ड वासी।

### चौड़ी नाली पर जाली लगाने की मांग

**नारनौल।** नगर परिषद के वार्ड नंबर 19 व 20 के बीच मोहल्ला देवस्थान व बावड़ीपुर के रास्ते बीच गुजरती चौड़ी नाली के ऊपर पहले लोहे की जाली लगी हुई थी। वह कई दिनों से टूटी हुई है। जिसके चलते यहां से गुजरने वाले बड़े बुजुर्ग व मोटरसाइकिल सवार नाली में फंसकर गिर जाते हैं और चोटिल हो जाते हैं। मोहल्ले के लोगों ने इस बाबत शिकायत भी दर्ज की है, लेकिन कोई ध्यान नहीं दिया जा रहा है। बड़े बुजुर्ग लगातार चोटिल होते जा रहे हैं, कई स्कूटी सवार भी गिर कर चोटिल हो रहे हैं। इसलिए यहां जल्द से जल्द जाली लगाई जाए।

### प्रजापति समाज परगना कांटी की आमसभा 12 को

**मंडी अटेली।** प्रजापति समाज परगना कांटी की आमसभा की बैठक 12 अप्रैल को अटेली स्थित प्रजापति धर्मशाला में आयोजित की जाएगी। सभा के सचिव राकेश प्रजापत ने जानकारी देते हुए बताया कि बैठक में वर्ष 2025-26 कालेखा-जोखा प्रस्तुत किया जाएगा। इसके साथ ही समाज के आगामी कार्यों की रूपरेखा भी तय की जाएगी। उन्होंने समाज के सभी सदस्यों से अपील की है कि वे अधिक से अधिक संख्या में बैठक में पहुंचकर अपने सुझाव दें और समाज के विकास में सहयोग करें।

### नारनौल से पचेरी धाम के लिए ध्वजा पदयात्रा 1 को

**नारनौल।** नारनौल से पचेरी धाम के लिए केसरी ध्वजा पदयात्रा एक अप्रैल को श्री पंचमुखी दक्षिणेश्वर हनुमान मंदिर के महन्त आचार्य दीपक कौशिक के सानिध्य में रवाना होगी। यात्रा प्रवक्ता राजकुमार गोयल भोजावासिया ने बताया कि नारनौल से पहली बार इस पदयात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा नागरिक अस्पताल के नजदीक स्थित हनुमान मंदिर से दोपहर सवा तीन बजे रवाना होकर होगी।

## गत 11 मार्च से जारी अभियान में 1.60 लाख रुपये की वसूली

# तेल मीलों पर डीएमईओ की सख्ती छापेमारी से उजागर 'मार्केट फीस चोरी'

- बिचौलियों के जरिए खरीद कर नियमों से बचने की कोशिश
- नियमों के उल्लंघन पर जुर्माने की कार्रवाई तेज

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

जिले में इन दिनों सरसों खरीद के बीच मार्केट फीस चोरी को लेकर प्रशासन पूरी तरह सतर्क हो गया है। जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी (डीएमईओ) जगजीत सिंह के नेतृत्व में तेल मीलों पर लगातार छापेमारी अभियान चलाया जा रहा है। इस कार्रवाई से जहां नियमों की अवहेलना करने वालों में हड़कंप मचा हुआ है, वहीं प्रशासन ने अब तक करीब पौने दो लाख रुपये की मार्केट फीस और जुर्माना वसूल कर स्पष्ट संदेश दे दिया है कि किसी भी तरह की अनियमितता बर्दाश्त नहीं की जाएगी।

दरअसल, इन दिनों जिले में सरसों की आवक बढ़ने के साथ ही तेल मील संचालकों द्वारा मार्केट फीस चोरी करने का खतरा भी बढ़ गया है। आरोप है कि कई तेल मील संचालक सीधे किसानों से या बिचौलियों के माध्यम से सरसों खरीद कर उसे अपने गोदामों में स्टॉक कर लेते हैं, जिससे वे मंडी शुल्क से बच जाते हैं। जबकि नियमों के अनुसार, किसान जब अपनी उपज मंडी में लेकर आता है तो उस पर आढ़तियों के माध्यम से मार्केट फीस अदा की जाती है। इस प्रक्रिया को दरकिनार करना कानूनन अपराध है और इस पर जुर्माने का प्रावधान भी है।

इसी तरह की शिकायतों के आधार पर डीएमईओ ने गत 11 मार्च से जिलेभर में छापेमारी अभियान शुरू किया। टीम का गठन कर अलग-अलग स्थानों पर संचालित तेल मीलों की जांच की जा रही है। जिले में वर्तमान में छोटी-बड़ी लगभग 19 तेल मील संचालित हो रही हैं, जिनमें से कई पर औचक निरीक्षण कर रिकॉर्ड, स्टॉक और खरीद के दस्तावेजों की बारीकी से जांच की गई। इस दौरान कई जगहों पर अनियमितताएं सामने आईं, जिन पर तुरंत कार्रवाई करते हुए मार्केट फीस और जुर्माना वसूला गया।

जांच में यह भी सामने आया कि कुछ तेल मील संचालक बिचौलियों के माध्यम से सरसों की खरीद करते हैं, ताकि यह खरीद मंडी रिकॉर्ड में दर्ज न हो और मार्केट कमेटी की नजरों से बचा जा सके। इस तरह की गतिविधियों से न केवल सरकार को राजस्व का नुकसान होता है, बल्कि मंडी व्यवस्था की पारदर्शिता भी प्रभावित होती है। डीएमईओ ने स्पष्ट किया कि ऐसे मामलों में किसी भी प्रकार की ढिलाई नहीं बरती जाएगी और दोषियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।


नारनौल। अनाज मंडी में बना डीएमईओ का कार्यालय। फोटो : हरिभूमि

### पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद

*प्रशासन की इस कार्रवाई से ईमानदारी से काम करने वाले व्यापारियों को भी राहत मिली है, क्योंकि लंबे समय से वे इस तरह की अवैध खरीद के कारण प्रतिस्पर्धा में पिछड़ रहे थे। अब छापेमारी से बाजार में पारदर्शिता बढ़ने की उम्मीद जताई जा रही है। आने वाले दिनों में भी यह अभियान जारी रहेगा। डीएमईओ की टीम लगातार नजर बनाए हुए हैं और किसी भी सूचना पर तुरंत कार्रवाई की जा रही है। प्रशासन का स्पष्ट संदेश है कि मंडी नियमों का पालन हर हाल में सुनिश्चित किया जाएगा और राजस्व चोरी करने वालों को किसी भी सूरत में बख्शा नहीं जाएगा।*

### यह कहते हैं अधिकारी

*मार्केट फीस चोरी रोकने के लिए विभाग पूरी तरह सक्रिय है और नियमित रूप से निगरानी की जा रही है। सभी तेल मील संचालकों को निर्देश दिए गए हैं कि वे केवल वैध माध्यमों से ही सरसों की खरीद करें और नियमानुसार मार्केट फीस जमा कराएं। नियमों का उल्लंघन करने वालों के खिलाफ जुर्माना लगाने के साथ-साथ आगे की कानूनी कार्रवाई भी की जाएगी।*
*-जगजीत सिंह कादियान, जिला विपणन प्रवर्तन अधिकारी, नारनौल*

# टेलीग्राम पर दोस्ती कर किसान से ठगे 13.22 लाख रुपये

**साइबर क्राइम थाना ने मामला दर्ज कर जांच शुरू की**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ महेंद्रगढ़

गांव बवानियां निवासी एक किसान से टेलीग्राम पर दोस्ती कर ऑनलाइन टास्क के नाम पर 13.22 लाख रुपये की ठगी करने का मामला उजागर हुआ है। पुलिस ने शिकायत के आधार पर साइबर क्राइम थाना ने मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

पुलिस को दी शिकायत में मुकेश कुमार निवासी गांव बवानियां, थाना सदर कनीना ने बताया कि 9 मार्च को उसके मोबाइल फोन पर टेलीग्राम आईडी @सारो_हेयर नाम से एक युवती का मैसेज आया। दोनों के बीच दो दिन तक सामान्य बातचीत होती रही। इसके बाद 11 मार्च को युवती ने उसे 1205 टिफिन्ये को नाम के टेलीग्राम ग्रुप में जोड़ दिया। पीड़ित के अनुसार ग्रुप में जोड़ने के बाद एक नंबर से व्हाट्सएप कॉल आई। कॉल करने वाली महिला ने उसे कंपनी में ऑनलाइन टास्क पूरा कर मुनाफा कमाने का झांसा दिया। इसके बाद कस्टमर सपोर्ट से बात करवाई गई, जहां काम शुरू करने के लिए फीस के तौर पर 15 हजार 393 रुपये जमा कराने को कहा गया। मुकेश ने बताए गए यूपीआई आईडी पर 15 हजार 393 रुपये भेज दिए। बाद में अधिक मुनाफे का लालच देकर उससे लगातार अलग-अलग खातों और यूपीआई आईडी में पैसे ट्रांसफर करवाए गए। पीड़ित ने अपने खाते के अलावा रिश्तेदारों और दोस्तों से पैसे लेकर यूपीआई व आरटीजीएस के जरिए कुल 13 लाख 22 हजार 269 रुपये ट्रांसफर कर दिए। जब उसने अपने पैसे वापस निकालने की बात कही तो आरोपितों ने मना कर दिया और 7 लाख रुपये और जमा कराने की बात कही। जिस पर उसे ठगी का अहसास हुआ। पीड़ित ने साइबर पोर्टल पर इसी 25 और 26 मार्च को ऑनलाइन शिकायत भी दर्ज करवाई।

### एक अप्रैल को कनीना आएगी स्वास्थ्य मंत्री

**कनीना।** हरियाणा की स्वास्थ्य मंत्री आरती सिंह राव आगामी एक अप्रैल को दोपहर दो बजे कनीना आएगी। वे आर्य समाज मंदिर के समीप कार्यकर्ता सम्मेलन को संबोधित करेगी। डॉ. रविंद्र कौशिक ने बताया कि कार्यकर्ता सम्मेलन के बाद आरती राव महिला मोर्चा की जिला महामंत्री अरुणा कौशिक के निवास पर जलपान कार्यक्रम में शिरकत करेगी। इस दौरान वे कार्यकर्ताओं के मन की बात सुनकर सरकार की जनकल्याणकारी नीतियों की जानकारी देगी। इसके बाद विवाह शादी के समारोह में शिरकत करेगी।


नारनौल। मैराथन में भाग लेने वाले क्लब के सदस्य। फोटो : हरिभूमि

# पर्यावरण संरक्षण के संदेश के साथ हुई हाफ मैराथन

**रोटरी क्लब रॉयल्स के सदस्यों ने लिया उत्साहपूर्वक भाग**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

पर्यावरण संरक्षण एवं स्वस्थ जीवनशैली को बढ़ावा देने के उद्देश्य से आयोजित हाफ मैराथन में रोटरी क्लब रॉयल्स के सदस्यों ने उत्साहपूर्वक भाग लिया। इस आयोजन में समाज के विभिन्न वर्गों के लोगों ने हिस्सा लेकर एक दौड़ पर्यावरण के लिए का संदेश जन जन तक पहुंचाया। कार्यक्रम के प्रोजेक्ट अध्यक्ष महेश सैनी व पवन कटारिया ने आयोजन को सफल बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाई। क्लब के प्रधान दिनेश भार्गव ने कहा कि रोटरी क्लब सदैव समाजहित के कार्यों में अग्रणी रहा है। पर्यावरण संरक्षण आज समय की सबसे बड़ी आवश्यकता है। सभी प्रतिभागियों व आयोजकों को सफल आयोजन के लिए बधाई दी। मैराथन में क्लब के उपप्रधान अनिल यादव, कोषाध्यक्ष मोहन सैनी, सोनू सैनी आदि क्लब सदस्यों ने भाग लिया।

# पार्क गली में चला पीला पंजा, सीवर गंदगी से मिली राहत

## पखवाड़े भर से जाम नाले ने बढ़ाई थी परेशानी, सफाई अभियान के बाद फिर शुरू हुई पानी की निकासी

**मच्छर-मक्खियों और बदबू से दुकानदार थे त्रस्त**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

शहर की पार्क गली में लंबे समय से बनी सीवर और गंदगी की समस्या पर आखिरकार प्रशासन की नींद खुल गई। हरिभूमि अखबार में इस मुद्दे को प्रमुखता से उठाए जाने के बाद नगर परिषद हरकत में आई और मौके पर जेसीबी मशीन, जिसे आम भाषा में 'पीला पंजा' कहा जाता है, लगाकर नाले की सफाई करवाई गई। इस कार्रवाई से क्षेत्रवासियों और दुकानदारों को बड़ी राहत मिली है।

दरअसल, पार्क गली में पिछले करीब पंद्रह दिनों से सीवर ओवरफ्लो की समस्या बनी हुई थी। नाले के जाम होने के कारण गंदा पानी सड़कों पर भर गया था, जिससे पूरे इलाके में बदबू फैल रही थी। हालात इतने खराब हो गए थे कि दुकानदारों के लिए अपनी दुकानों पर बैठना मुश्किल हो गया था, वहीं राहगीरों को भी गली से गुजरने में भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा था। गंदे पानी में मच्छर और मक्खियां तेजी से पनप रहे थे, जिससे बीमारियों का खतरा भी बढ़ गया था। स्थानीय लोगों ने कई बार इस समस्या की शिकायत की, लेकिन लंबे समय तक कोई समाधान नहीं निकला। इसके बाद हरिभूमि अखबार ने इस मुद्दे को गंभीरता से उठाते हुए प्रशासन का ध्यान इस ओर आकर्षित किया।

खबर प्रकाशित होने के बाद नगर परिषद ने तुरंत कार्रवाई करते हुए सफाई अभियान शुरू किया। टीम ने जेसीबी मशीन की मदद से नाले में जमा गंदगी को बाहर निकाला। सफाई के दौरान नाले से बड़ी मात्रा में पॉलीथीन, टूटी चप्पलें, प्लास्टिक कचरा और अन्य प्रकार की गंदगी निकली, जिसने पानी के बहाव को पूरी तरह रोक रखा था। केवल पार्क गली ही नहीं, बल्कि बस स्टैंड की ओर सड़क पार बने नाले की भी सफाई की गई। इस संयुक्त कार्रवाई से पूरे क्षेत्र में पानी की निकासी सुचारु रूप से शुरू हो गई है। गंदगी हटने के बाद बदबू भी कम हो गई है और लोगों को राहत महसूस हो रही है। दुकानदारों का कहना है कि पिछले कई दिनों से वे बेहद परेशान थे। गंदगी और बदबू के कारण ग्राहक भी उनकी दुकानों पर नहीं आ रहे थे, जिससे उनका व्यापार प्रभावित हो रहा था। अब सफाई होने के बाद स्थिति सामान्य होने लगी है और कारोबार भी धीरे-धीरे पटरी पर लौट रहा है। स्थानीय निवासियों ने हरिभूमि अखबार की पहल की सराहना करते हुए कहा कि यदि मीडिया इस तरह से जनसमस्याओं को उठाता रहे, तो प्रशासन भी समय पर कार्रवाई करने को मजबूर होगा। उन्होंने नगर परिषद से मांग की है कि भविष्य में ऐसी स्थिति दोबारा न बने, इसके लिए नियमित सफाई और निगरानी की व्यवस्था की जाए।

फिलहाल, पार्क गली में नाले की सफाई और जल निकासी शुरू होने से लोगों ने राहत की सांस ली है। यह मामला एक बार फिर साबित करता है कि जनसमस्याओं को प्रभावी ढंग से उठाने पर समाधान संभव है।


नारनौल। गंदे नाले की सफाई करती जेसीबी। फोटो : हरिभूमि


दुकानदारों की रोजी-रोटी पर असर, बीमारियों का खतरा मंडराया
सीवर ओवरफ्लो होने के कारण 'पार्क गली बनी नरक', हालात बदहाल

नारनौल। हरिभूमि में प्रकाशित समाचार।

## गरज चमक के बादलों का निर्माण होगा, कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि की संभावना

# पश्चिमी विक्षोभ सक्रिय, आज व कल तेज अंधड़ के साथ बारिश की संभावना

**मौसम विभाग ने जारी किया येलो अलर्ट, तापमान में होगी बढ़ोतरी**

हरिभूमि न्यूज ▶▶ नारनौल

हरियाणा एनसीआर दिल्ली के साथ जिला महेंद्रगढ़ में एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। जिससे तापमान में उतार चढ़ाव की सम्भावना बन रही है। बता दें कि एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से दक्षिणी पंजाब व उत्तरी राजस्थान पर एक चक्रवातीय सर्कुलेशन बनने से अरब सागर से प्रचुर मात्रा में नमी पहुंचने से सम्पूर्ण मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में गरज चमक के बादलों का निर्माण होगा। पश्चिमी विक्षोभ अपना असर रविवार रात्रि को दिखाना शुरू दिया। यह पश्चिमी विक्षोभ पहाड़ी राज्यों जम्मू-कश्मीर, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड पर बर्फबारी तथा मैदानी राज्यों पंजाब, हरियाणा, राजस्थान, मध्यप्रदेश और उत्तरप्रदेश में बहुत से क्षेत्रों में असर दिखाएगा।

इस दौरान मैदानी राज्यों विशेषकर हरियाणा एनसीआर दिल्ली में 30 व 31 मार्च को तेज गति की हवाएं करीब 30-40 किलोमीटर प्रति घंटे की रफ्तार से अंधड़ आंधी व हल्की बारिश, बूंदाबांदी और कुछ स्थानों पर ओलावृष्टि को नकारा नहीं जा सकता।

इस मौसम प्रणाली से तेज अंधड़, बारिश की संभावना है, कुछ क्षेत्रों में 30 व 31 मार्च को इसका व्यापक असर देखने को मिलेगा। जिसकी वजह से भारतीय मौसम विभाग ने सम्पूर्ण हरियाणा एनसीआर दिल्ली पर येलो अलर्ट जारी कर दिया है। हालांकि मौजूदा पश्चिमी मौसम प्रणाली थोड़ी कमजोर हो गई है, लेकिन इस मौसम प्रणाली का असर दौरान मैदानी राज्यों पंजाब, राजस्थान हरियाणा एनसीआर दिल्ली, उत्तरप्रदेश में कुछ जगहों पर हल्की से मध्यम बारिश होने की संभावना है। हरियाणा एनसीआर दिल्ली में अधिकतर स्थानों पर दिन व रात के तापमान में हल्की बढ़त देखने को मिली। रविवार को जिला महेंद्रगढ़ में नारनौल व महेंद्रगढ़ का दिन तथा रात का तापमान क्रमशः 33.0, 18.5 डिग्री सेल्सियस व 36.2, 18.8, डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

### किसान भाइयों को सलाह

मौसम विशेषज्ञ डॉ. चंद्रमोहन ने बताया कि समय रहते कुछ किसान भाई अपनी कटी हुई फसलों को नुकसान से बचाएं। किसान अपने फसल उत्पादन को संरक्षित और सुरक्षित करें। वेयर हाउस में संरक्षित करें या तिरपाल से ढके। मंडियों में भी सुरक्षित करें। इसके अलावा किसान भाइयों को सुचना दी जाती है कि एक व दो अप्रैल को कुछ मौसम में सुधार रहेगा, लेकिन दो अप्रैल रात को एक नया पश्चिमी विक्षोभ उत्तरी पर्वतीय क्षेत्रों पर सक्रिय होने से हरियाणा एनसीआर दिल्ली में एक बार फिर से मौसम में बदलाव देखने को मिलेगा। इस पश्चिमी मौसम प्रणाली से तीन से पांच अप्रैल के दौरान फिर तेज अंधड़, हल्की बारिश व बूंदाबांदी की संभावना है।

# पुलिस सीसीटीवी की मदद से बरामद की सोने की चेन

हरिभूमि न्यूज. नारनौल

अटेली मार्केट क्षेत्र में एक दंपति की खोई हुई सोने की चेन को डायल 112 व थाना अटेली पुलिस की त्वरित कार्रवाई के चलते सफलतापूर्वक बरामद कर लिया। पुलिस ने सतर्कता दिखाते हुए सीसीटीवी कैमरों का बेहतरीन उपयोग करते हुए चेन को ढूंढ निकाला और उसे सुरक्षित रूप से मालिकों को सौंप दिया। एक दंपति अटेली मार्केट में खरीदारी करने के लिए आए हुए थे। इसी दौरान महिला के गले से उनकी सोने की चेन कहीं गिर गई। खरीदारी पूरी होने के बाद जब दंपति को चेन गायब होने का अहसास हुआ, तो उन्होंने बिना समय गवाएं तुरंत पुलिस सहायता नंबर डायल 112 पर कॉल करके इसकी सूचना दी। सूचना मिलते ही डायल 112 की टीम चंद मिनटों में मौके पर पहुंच गई।

मामले की गंभीरता को देखते हुए थाना अटेली पुलिस तुरंत दंपति को साथ लेकर चेन की तलाश में जुट गई। पुलिस टीम ने पूरे मार्केट क्षेत्र के सीसीटीवी कैमरों की सघन जांच शुरू की। कैमरों की फुटेज को बारीकी से खंगालने पर सोने की चेन की सटीक लोकेशन का सुराग मिला।